**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 15 फ़रवरी 2026, समय 1810 (10 मिनट)**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, एक लाख करोड़ रूपये का शहरी चुनौती कोष उच्च गुणवत्ता वाली शहरी अवसंरचना प्रदान करने के लिए निजी भागीदारी और बाजार वित्त का उपयोग करेगा।

- हरियाणा के किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा, 2047 तक किसानों की आय चार गुना करने के लिए, सौर ऊर्जा के प्रयोग और जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जायेगा।

- पलवल ज़िले के हथीन उपमंडल के गाँव छायंसा में हेपिटिटिस से सात लोगों की मौत, उपायुक्त ने गाँव का दौरा किया।

- आज पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में महाशिवरात्रि का पर्व पूरी श्रद्धा और धार्मिक परम्परा के साथ मनाया जा रहा है - राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने महाशिवरात्रि पर्व पर लोगों को शुभकामनाएं दी।

- 39 वां सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय आत्मनिर्भर महोत्सव संपन्न हुआ - राज्यपाल ने देश-विदेश से आये कलाकारों और शिल्पकारों को सम्मानित किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक लाख करोड़ रुपये के शहरी चुनौती कोष- यूसीएफ को स्वीकृति दिए जाने के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह कोष उच्च गुणवत्ता वाली शहरी

अवसंरचना प्रदान करने के लिए बाजार वित्त, निजी भागीदारी और नागरिक केंद्रित सुधारों का उपयोग करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल शहरों को देश की आर्थिक वृद्धि का मुख्य प्रेरक बनाएगी। शहरी चुनौती कोष गृह और शहरी मामलों के मंत्रालय की एक केंद्र प्रायोजित संयुक्त योजना है। इसमें केंद्र की ओर से कुल एक लाख करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। इस कोष का उद्देश्य लचीले, उत्पादक, समावेशी और जलवायु के प्रति संवेदनशील शहरों का निर्माण करना है, ताकि उन्हें देश के आर्थिक विकास के अगले चरण के प्रमुख चालक के रूप में स्थापित किया जा सके।

------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के कृषि एंव किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने
आज हिसार स्थित उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय कृषि दर्शन प्रदर्शनी का दौरा किया।
प्रदर्शनी में लगे स्टॉलों का अवलोकन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक किसान की वास्तविक आय को चार गुना करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इसमें कृषि में सौर ऊर्जा के प्रयोग का भी योगदान रहेगा।

उन्होंने कहा की सौर ऊर्जा के प्रयोग से पर्यावरण ही नहीं बचेगा बल्कि किसानों का बिजली पर होने वाला खर्च भी बचेगा।
कृषि मंत्री ने कहा कि आज कि इस प्रदर्शनी में खेती से संबंधित जो आधुनिक मशीनें प्रदर्शित की गई है उनसे किसानी और आसान होगी। किसान अपनी पसंद की कंपनी से मशीनें खरीद सकेंगे। हरियाणा सरकार नई प्रौद्योगिकी वाली मशीनों पर किसानों को सब्सिडी देगी।
श्री श्याम सिंह राणा ने जैविक और प्राकृतिक खेती के प्रयोग पर बल देते हुए कहा की इससे जमीन और लोगों दोनों का स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

कृषि मंत्री ने कहा कि 20 फरवरी को बजट सत्र शुरू हो रहा है। किसानों से बजट के लिए सुझाव लिए गए हैं और बजट में उनके लिए काफी कुछ होने की उम्मीद है।

------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा है कि बागवानी फसलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई है, जिनका किसानों को प्रत्यक्ष रूप में लाभ मिल रहा है। राज्य सरकार प्रदेश में किसानों की आमदनी को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। कृषि मंत्री यमुनानगर में बागवानी विभाग की ओर से खंड रादौर के त्रिवेणी गार्डन में एकीकृत बागवानी मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसान हितैषी सरकार है। फलों व सब्जियों के बाजार मूल्य कम होने पर किसानों को भावांतर भरपाई योजना के तहत प्रत्यक्ष रूप में मुआवजा उपलब्ध करवाया जाता है, ताकि उत्पादकता एवं लागत में संतुलन बना रहें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बागवानी, मधुमक्खी पालन और टिकाऊ कृषि के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि बागवानी क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों के प्रदर्शन हेतु उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना में भी हरियाणा देश में अग्रणी है।

---

पलवल जिले के हथीन उपमंडल के गांव छांयसा में पिछले कुछ दिनों में 7 लोगों की मौत होने के बाद आज उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने गांव का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर मौजूदा स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. सतेंद्र वशिष्ठ भी उनके साथ मौजूद रहे।

उन्होंने गांव वासियों से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर गौर न करें और बीमारी को फैलने से रोकने के लिए बताई गई सावधानियों पर ध्यान केंद्रित करें।

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

---

आज पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में महाशिवरात्रि का पर्व  पूरी श्रद्धा और धार्मिक परंपरा के अनुसार मनाया जा रहा है। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में भी शिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में काफी  उत्साह देखा जा रहा है। सुबह से मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बम बम भोले के जयकारों के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक कर रही है

शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और बेलपत्र अर्पित कर श्रद्धालु  परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। मंदिरों में विशेष सजावट की गई है और भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया जा रहा है। सुरक्षा को लेकर प्रशासन भी चौकस है।

कैथल के श्री 11 रुद्री शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयघोष के साथ जलाभिषेक के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। मान्यता है कि यहां स्थापित 11 शिवलिंगों पर जल चढ़ाने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।   पानीपत जिले के प्राचीन देवी मंदिर सहित सभी मंदिरों में सुबह 4 बजे से ही शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही,दिनभर श्रद्धालुओं ने लम्बी लम्बी कतारे लगाकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करें और “हर-हर महादेव” के जयकारे दिनभर गूँजते रहे, अभी भी श्रद्धालु बड़ी गिनती में पूज अर्चना के लिए पहुँच रहे हैं पानीपत प्रशासन ने मंदिरों व भीड़ वाले इलाकों में सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध किये हैं।

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नूंह स्थित नल्हड़ेश्वर मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव के शिवलिंग पर विधि-विधान से जलाभिषेक किया तथा प्रदेशवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की बधाई भी दी और मंदिर परिसर में प्रसाद भी ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व आस्था, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। भगवान शिव का आशीर्वाद प्रदेश पर बना रहे और हरियाणा निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो, यही उनकी प्रार्थना है। उन्होंने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए समाज में भाईचारे, सद्भाव और एकता बनाए रखने का संदेश भी दिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कामना की कि भगवान शिव का आशीर्वाद सभी नागरिकों पर बना रहे तथा भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उपराष्ट्रपति ने कहा कि काशी से रामेश्वरम तक इस पावन पर्व को देश की शाश्वत और अटूट आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत प्रतीक माना जाता है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि महादेव और माता पार्वती के आशीर्वाद से नागरिकों के जीवन में प्रसन्नता, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का लाभ होता है। एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कामना की कि लोगों पर भगवान शिव की कृपा हो तथा देश समृद्धि की ऊंचाइयों तक पहुंचे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महाशिवरात्रि को आस्था, प्रायश्चित और आत्मावलोकन का पर्व बताया।